11

पैराक्लेट की प्रतिज्ञा

(यूहन्ना 15)

''परन्तु जब वह सहायक आएगा, जिसे मैं तुम्हारे पास पिता की ओर से भेजूंगा, अर्थात् सत्य का आत्मा जो पिता की ओर से निकलता है, तो वह मेरी गवाही देगा। और तुम भी गवाह हो क्योंकि तुम आरम्भ से मेरे साथ रहे हो'' (आयतें 26, 27)।

अटारी वाले कमरे की बातचीत में यीशु ने अपने प्रेरितों को बताया था कि संसार द्वारा उन से घृणा की जाएगी (15:18-25)। उसकी चेतावनी बहिष्कार किए जाने या आलोचना से कहीं गहरी हो गई। उसने कहा कि इस घृणा में संसार की ओर से वैसा ही सताव और विरोध होगा जैसा उसे मिल रहा था। संसार उन्हें तुच्छ जानेगा, उन्हें ठुकराएगा और हिंसक रूप में उनका विरोध करेगा। और यहां तक कि उन्हें मरवा देगा। बेशक उसकी बातों से उनके मन में भय और बढ़ गया कि उनके साथ क्या होने वाला है। कुछ हद तक वे उस प्रकाशन को समझ गए कि यीशु उन्हें छोड़ रहा है जो ऐसी सच्चाई थी जिससे उन्हें गहरी निराशा मिली। परन्तु आने वाली घृणा के कंपा देने वाले इस अतिरिक्त तथ्य के साथ उनके पहले से तनाव से भरे और भयभीत मनों पर अनिश्चितता की एक और परत पड़ गई। क्या वे किसी और बुरी खबर को सहन कर सकते थे?

प्रेरितों के लिए तसल्ली की तुरन्त आवश्यकता को जानते हुए यीशु ने उनके मनों को चेतावनियों से थोड़ा अच्छी खबर की ओर मोड़ दिया। बीच में कहीं उसे उन्हें अद्भुत, आश्वस्त करने वाली प्रतिज्ञा दी कि वह वास्तव में उन्हें अकेला नहीं छोड़ रहा बल्कि उनके पास एक सहायक को भेज रहा है। मूलतया, वह कह रहा था, ''मैं जानता हूं कि तुम उससे जो मैंने तुम से कहा है डर गए हो। परन्तु मैं तुम्हें एक सहायक दूंगा। तुम्हें विशेष प्रकार की सहायता मिलेगी। मैं तुम्हारे पास पवित्र आत्मा को भेज रहा हूं।''

पवित्र आत्मा के इस विषय को यीशु द्वारा प्रेरितों के साथ पहले एक बातचीत में उठाया गया था। (देखें 14:16, 26.) प्रभु ने उन्हें पवित्र आत्मा के विचार का परिचय दिया था और दो अन्य महत्वपूर्ण विषयों के द्वारा जिसकी चर्चा सुननी उनके लिए आवश्यक थी उसका रास्ता बनाते हुए उसके बारे में एक या दो आरम्भिक सच्चाइयां प्रगट की थीं।

15:26, 27 में आश्वासन के शब्दों में जिन्हें यीशु के एक वाक्य का लम्बा विवरण कहा जा सकता है, उसने उसका वरण किया जो पवित्र आत्मा ने प्रेरितों के लिए करना था। बेशक उनके लिए उसकी कल्पना सबसे अधिक प्रोत्साहित करने वाली थी! सही ढंग से विचार करने पर कि उनसे यह बातें किस संदर्भ में कहीं गईं, हमें भी उनसे प्रोत्साहन मिलता है।

सहायक

यीशु ने पवित्र आत्मा को उनके ''सहायक'' के रूप में बताया (''सांत्वना देने वाला''; KJV; ASV; ''सलाहकार''; NIV)। प्रेरितों को सहायता की आवश्यकता होनी थी और पवित्र आत्मा वह सहायक था जिसने ज़बर्दस्त सहायता देनी थी। यीशु द्वारा इस्तेमाल किया गया यूनानी शब्द *paraklētos* है। यह एक व्यापक शब्द है जिसमें कई खूबियां शामिल हैं। 1 यूहन्ना 2:1 में यूहन्ना ने यीशु के लिए इसी शब्द का इस्तेमाल किया, पर अधिकतर अनुवादों में उस पृष्ठभूमि में ''वकील'' शब्द का इस्तेमाल किया गया है। ये शब्द ''सांत्वना देना'' की एक परिभाषा की सीमा के लिए बहुत अधिक सार्थक है इसलिए KJV और ASV में ''सांत्वना देने वाला'' अनुवाद आम तौर पर बहुत छोटा माना जाता है।

पवित्र आत्मा ने प्रेरितों को कई योग्यताएं देनी थीं। वह काम जो प्रभु उन से करवाना चाहता था वह इतना महत्वपूर्ण था कि वह उन्हें इसे बिना आवश्यक शक्ति दिए नहीं कर सकता था। वह बड़ी सामर्थ, अर्थात बड़ी प्रतिभा जिसकी उन्हें आवश्यकता थी, पवित्र आत्मा की बनी रहने वाली उपस्थिति के द्वारा मिलती थी।

भेजा गया

इसके अलावा यीशु ने कहा कि वह स्वयं उनके पास पवित्र आत्मा को भेजेगा। उसने कहा, ''... जिसे मैं तुम्हारे पास पिता की ओर से भेजूंगा।'' एक अर्थ में, पिता उसे भेज रहा था; परन्तु एक दूसरे अर्थ में, यीशु ही उसे भेज रहा था। यीशु की प्रतिज्ञा में ''मैं'' पर ज़ोर दिया गया है जो यीशु को भेजने वाले के रूप में दिखाता है। परन्तु यूहन्ना 14:16 यह स्पष्ट करता है कि यीशु की प्रार्थना के उत्तर में आत्मा को पिता ने भेजना था। 14:26 में यीशु ने आत्मा को ''सहायक'' कहा ''... जिसे पिता *मेरे* नाम से भेजेगा।'' सांत्वना की इस बड़ी आशीष के देने में पिता और पुत्र दोनों शामिल हैं यानी आत्मा को पिता की ओर से यीशु की विनती पर और यीशु के नाम में भेजा जाना था। अलग-अलग ढंग जिसने यीशु ने आत्मा के आने की प्रतिज्ञा की, पिता के साथ यीशु की एकता को दिखाते हैं और हमें याद दिलाते हैं कि यीशु में अपने पिता के स्तर की ही ईश्वरीयता थी।

फिर हम देखते हैं कि आत्मा परमेश्वरत्व का तीसरा सदस्य है। परमेश्वर आत्मा के रूप में उसने प्रेरितों के पास उन्हें उनकी सब आत्मिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए उनके साथ रहना था। इन प्रेरितों को राज्य/कलीसिया के बुनियादी भाग के रूप में महत्व दिया जा रहा था। यह नींव कोने के पत्थर के रूप में यीशु और विस्तृत नींव के रूप में प्रेरितों और भविष्यवक्ताओं के ऊपर रखी जानी थी। (देखें इफिसियों 4:11, 12.) इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रेरितों को उस सारे काम को जो उन्हें करने के लिए दिया जा रहा था करने के लिए ईश्वरीय अगुआई की आवश्यकता थी। उनके लिए यीशु को यह कहते सुनना कितना सांत्वना देने वाला होगा कि वह उनके साथ रहने के लिए, अर्थात उनके काम के लिए आवश्यक चीज़ें, स्थिरता और सामर्थ देने के लिए *पैराक्लेटोस* को भेजेगा! हमें याद रखना चाहिए कि परमेश्वर जहां अगुआई करता है वहां उपाय भी करता है।

सच्चाई का आत्मा

यीशु ने पवित्र आत्मा को ''सत्य का आत्मा'' कहा। यह विलक्षण पदनाम पवित्र आत्मा के काम के मुख्य भाग को दिखाता है। *सत्य* के आत्मा के रूप में उसकी भूमिका संसार में सच्चाई को देना, उसके द्वारा काम करना और उसकी पुष्टि करना है। पवित्र आत्मा ने प्रेरितों को वह याद दिलाना था जो उन्होंने यीशु से सुना था; उसने उन्हें वह सारी नई सच्चाई भी बतानी थी जो कलीसिया और संसार के लिए सुननी आवश्यक थी (14:26)। उसने एक ही बार में ईश्वरीय स्मरण दिलाने वाला और प्रगट करने वाला अर्थात जो प्रगट किया गया था उसे लेना और इसे उसके साथ जोड़ना जो शीघ्र प्रगट किया जाने वाला था, बनना था।

यीशु की विदाई के बाद, संसार की सबसे बड़ी आवश्यकता सच्चाई को ग्रहण करना थी। हम इस सबसे बड़ी आवश्यकता को तीन भागों में समझ सकते हैं: (1) सच्चाई संसार पर *प्रगट* की जानी थी, (2) सच्चाई की संसार के लिए *पुष्टि की जानी* थी, और (3) संसार के लिए सच्चाई *उपलब्ध की जानी* थी। पवित्र आत्मा ने इन तीनों चुनौतियों पर काम करना था। उसने सच्चाई को लाना, बड़े कामों के द्वारा उसे साबित करना, और अन्त में पक्के तौर पर उपयोगी रूप में इसे संसार को देना था।

गवाह

संक्षेप में यीशु ने बताया कि ''पवित्र आत्मा गवाही देने के ढंग से सच्चाई को बताएगा।'' उसकी मुख्य गवाही यीशु का संदेश और उसकी प्राप्तियां होनी थीं। अपने आपको उठाने के बजाय उसने केवल यह गवाही देनी थी कि यीशु कौन है और उसने क्या किया है। यीशु ने कहा, ''वह मेरी गवाही देगा।'' संसार को परमेश्वर के संदेश का सार एक शब्द में बताया जा सकता है: ''यीशु।'' यूहन्ना ने लिखा, ''जो गवाही देता है, वह आत्मा है; क्योंकि आत्मा सत्य है'' (1 यूहन्ना 5:7क)। पवित्र आत्मा के द्वारा पुराने नियम ने यीशु के आने की भविष्यवाणी की थी। नये नियम में पवित्र आत्मा न केवल यह प्रगट करता है कि यीशु आ चुका है, बल्कि हमें यह भी बताता है कि उसके आने का क्या अर्थ है और प्रतिज्ञा करता है कि वह फिर आएगा।

योग्य बनाने वाला

इस सब के अलावा, यीशु ने कहा कि आत्मा प्रेरितों को संसार में गवाही देने के योग्य बनाएगा या उन्हें सामर्थ देगा। उसने कहा, ''... वह मेरी गवाही देगा; और तुम भी मेरे गवाह हो क्योंकि तुम आरम्भ से मेरे साथ रहे हो'' (15:26, 27)। संसार की एक बहुत बड़ी आवश्यकता है कि वैसे देखे जैसे प्रेरितों ने यीशु को उसके साथ चलते हुए देखा था। यह प्रकाशन ''आरम्भ से'' पूरा और सम्पूर्ण होना था। इसे प्रेरितों और अन्य गवाहों को एक प्रमाणिक रूप में दिया जाना था, ताकि इस संदेश पर कोई भी जो इस पर विश्वास लाना चाहे, विश्वास कर सके। बीच-बीच में पवित्र आत्मा ने देखना था कि संदेश न केवल संसार पर प्रगट किया जाए बल्कि इसकी पुष्टि भी की अर्थात पूरी तरह से इसे प्रमाणिक बताया। उसने प्रेरितों के बीच में रहकर और उनके द्वारा काम करके यह सारा कार्य पूरा करना था।

सारांश

पवित्र आत्मा के लिए यीशु द्वारा इस्तेमाल किए गए नामों पर विचार करते हुए आइए विचार करते हैं कि वह हम पर कैसे लागू होते हैं। वह सहायक है अर्थात वह जिसने कलीसिया की नींव रखने में प्रेरितों की सहायता की। पवित्र आत्मा भेजा हुआ, जिसने यीशु की उपस्थिति का स्थान लिया और संसार में यीशु की सेवकाई को आगे बढ़ाया था। वह सत्य का आत्मा, वह सत्य का आत्मा है जिसने सत्य को इसके पूर्ण और अन्तिम रूप में जैसा कि आज हम जानते हैं अर्थात यीशु की अन्तिम इच्छा और नियम के रूप में दिया है। हमारे पास यह अपने पूर्ण नये नियम में है। वह गवाह है, जिसने हमें यीशु की सच्चाई दी है। वह योग्य बनाने वाला है जिसने प्रेरितों को वह करने की सामर्थ दी, जिसके लिए उन्हें अलग किया गया था।

सांत्वना देने वाला जिसे भेजा गया था प्रेरितों और उस वचन के द्वारा जिसे उन्होंने लिखा काम कर रहा था। वह सत्य के द्वारा हम में कार्य करता है, अर्थात वह जो सत्य के दायरे में रहकर हमारी सहायता करता है, जो यीशु की सच्चाई के द्वारा गवाही देता है और जो हमें यीशु के पीछे चलने में उसकी सच्चाई के द्वारा योग्य बनाता है। हमें चाहिए कि यीशु के नाम में पवित्र आत्मा को भेजने के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें! क्रूस से चढ़ाए जाने के पूर्व गुरुवार की उस रात को प्रेरितों को आत्मा की प्रतिज्ञा कितनी प्रोत्साहित करने वाली है और आज उसके कदमों पर चलते हुए हमारे लिए वह प्रतिज्ञा कितनी प्रोत्साहित करने वाली है!

''जब वह शब्द हुआ तो भीड़ लग गई और लोग घबरा गए, क्योंकि हर एक को यही सुनाई देता था, कि ये मेरी भाषा में बोल रहे हैं। और वे सब चकित और अचम्भित होकर कहने लगे; देखो, ये जो बोल रहे हैं क्या सब गलीली नहीं? तो फिर क्यों हम में से हर एक अपनी अपनी जन्म भूमि की भाषा सुनता है?'' (प्रेरितों 2:6-8)।

''और जो गवाही देता है, वह आत्मा है; क्योंकि आत्मा सत्य है। और गवाही देने वाले तीन हैं; आत्मा, और पानी, और लोहू; और तीनों एक ही बात पर सम्मत हैं, जब हम मनुष्यों की गवाही मान लेते हैं, तो परमेश्वर की गवाही तो उससे बढ़कर है; और परमेश्वर की गवाही यह है, कि उसने अपने पुत्र के विषय में गवाही दी है'' (1 यूहन्ना 5:7-9)।